हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024

11 अब मेस में पुलिस कर्मियों को मेस में मिलेगा स्वादिष्ट खाना



12 महेंद्रगढ़ से भी पीछे रहा नारनौल कचरा निस्तारण में 'शून्य' अंक






## खबर संक्षेप

### जनकल्याण दिवस के रूप में मनेगा जन्मदिन

**नारनौल।** बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती के जन्मदिन पर 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे अटेली में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा उनका जन्मदिन जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बसपा अटेली के पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट अतरलाल शिरकत करेंगे। अध्यक्षता अटेली विधानसभा के अध्यक्ष सतपाल दहिया करेंगे। जिला प्रभारी शेरसिंह बाछोदिया, कृष्ण तोबड़ा, अमित डाबला, अश्विनी बौद्ध, संदीप महायच, सत्यवीर जोनावास, सरजीत भाटी, संदीप आंबेडकर, सुभाष चौहान इत्यादि शामिल होंगे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बावल।** टांकड़ी रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस बयान में टांकड़ी निवासी जय चौहान ने बताया कि वह अपने दोस्त साहिल के साथ उसकी बाइक पर बैठकर बावल से घर जा रहा था। प्रकाश धर्मकांटा के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### पावर सब स्टेशन से महंगी केबल चोरी

**धारूहेड़ा।** एचएसवीपीएन कालोनी स्थित 66 केवी पावर सब स्टेशन से चोर 2.35 लाख की आर्म्ड केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि पावर सब स्टेशन में आर्म्ड 3 कोर केबल रखी हुई थी। चोर लगभग 300 मीटर केबल चोरी कर कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी केबल का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### युवक के लापता होने का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** भिवाड़ी में किराए के मकान में रहने वाले युवक के अचानक लापता होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में दिल्ली के प्रेम नगर निवासी विनोद शर्मा ने बताया कि उसके मामा का लड़का 26 वर्षीय धीरेंद्र विश्वकर्मा भिवाड़ी में नौकरी करता है। 11 जनवरी से लापता है। आखिरी बार उसे नंदरामपुरा बास रोड धारूहेड़ा में एक मिष्ठान भंडार पर देखा गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के युवक की तलाश शुरू कर दी।

### बैरियावास से ट्रैक्टर ट्रॉली ले गए चोर

**कसोला।** बैरियावास गांव से चोर एक किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में चंद्रशेखर ने बताया कि उसने अपनी ट्रॉली घर के पास ही प्लॉट में खड़ी की थी। रात के समय चोर उसकी ट्रॉली चोरी कर ले गए। उसने अपने स्तर पर ट्रॉली की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसने यह ट्रॉली टींट गांव से खरीदी थी। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# बूस्टर और पाइप लाइन से पहुंच रहा नहरी पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल


**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।

राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में जन स्वास्थ्य व पंचायत विभाग के अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली। उन्होंने जिला में इन विभागों की ओर से किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों व परियोजनाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर यादव ने कहा कि नगर परिषद में जो नए गांव जोड़े गए थे, उनमें अमृत-2 योजना के तहत सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। ऐसे में इन गांव में पेयजल, सीवरेज व गालियों के निर्माण से संबंधित कायार्ें को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जहां भी पाइप लाइन बिछाई जाए वहां पर गलियों को दोबारा से ठीक किया जाए। मंत्री ने कहा कि जहां भी पेयजल पाइप लाइन तथा सीवरेज की पाइप लाइन में लीकेज है।

*15 जनवरी को मनाएं मकर संक्रांति पर्व, पूरे दिन रहेगा पुण्यकाल*

# एक माह से रूके हुए थे मांगलिक कार्य, 16 जनवरी से फिर शुरू होंगे विवाह के शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

मकर संक्रांति को लेकर इस बार लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि 14 को मनाए या फिर 15 जनवरी को, लेकिन ज्योतिषाचार्य का मानना है कि इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाए। इस दिन मकर संक्रांति मनाने से उसका पुण्यकाल पूरे दिन शाम 6:15 बजे तक रहेगा और इस मकर संक्रांति का वाहन अश्व यानी घोड़ा और उपवाहन सिंह मतलब शेर रहेगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि ज्योतिष में 12 संक्रांतिया होती है और जब सूर्य देव भगवान धनु राशि से निकल कर अपने पुत्र शनि देव की राशि मकर राशि में प्रवेश करते है तो मकर संक्रांति मनाई जाती है। इस बार सूर्य देव 14 जनवरी को मध्यरात्रि 2:15 पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। शास्त्रों के अनुसार प्रमाण मिलता है की सूर्योदय से सूर्यास्त तक जिस दिन सूर्य देव मकर राशि में गोचर करेंगे।

उस दिन मकर संक्रांति मनानी चाहिए नही तो अगले दिन, इस नियम अनुसार तो 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाए और उसका पुण्यकाल पूरे दिन शाम 6:15 बजे तक रहेगा। इस मकर संक्रांति का वाहन अश्व यानी घोड़ा और उपवाहन सिंह मतलब शेर रहेगा।

राहुल भारद्वाज ने बताया की जिनकी कुंडली में सूर्य का बल कम है या अशुभ है वो मकर संक्रांति के दिन सुबह स्नान के बाद एक तांबे के लोटे में शुद्ध जल से भर उसमें रोली, चावल, चीनी लाल पुष्प डालकर सूर्यदेव को ऊँ घृणी सूर्याय नम मंत्र का उच्चारण करते हुए अर्घ्य दें।

भारद्वाज ने बताया की सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास भी समाप्त हो जाएगा तथा सूर्य उत्तरायण हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य का कहना है कि उत्तरायण को देवताओं के दिन कहा गया है। इस दिन से पिछले एक महीने से लगा लगा विराम जैसे शादी विवाह, उपनयन, ग्रह प्रवेश, मुंडन आदि मांगलिक कार्य फिर से प्रारंभ हो जाएंगे।

#### इस दिन दान स्नान का भी बहुत महत्व

भारद्वाज गढ़ी ने बताया की मकर संक्रांति के दिन दान और पवित्र नदियों के स्नान का बहुत ही अधिक महत्व बताया गया है। इस दिन गुड, तिल, मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक, और गर्म वस्त्र जैसे जूते-जुराब, गर्म कंबल दान करे। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान का अनंत गुणा फल मिलता है।


पंडित राहल भारद्वाज

#### मनीराम पंचांग अनुसार विवाह के शुभ मुहूर्त-

- जनवरी माह में-16, 20, 22, 30, 31
- फरवरी माह में- 4, 6, 12, 18
- मार्च माह में- 4, 5, 6, 7
- अप्रैल माह में- 18, 19

## एसपी ने की अधिकारियों के साथ बैठक, मनचलों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# एसपी ने कुछ थानेदारों की थपथपाई पीठ, तो कुछ को लगाई फटकार

**पेंडिंग मामलों व केस प्रॉपर्टी को शीघ्र निपटाएं, पुराने वाहनों को करें डिस्पोज, महिला विरूद्ध मामले में करें त्वरित कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल


**नारनौल।** बैठक लेते एसपी नितिश अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने थाना नांगल चौधरी परिसर में एएसपी, डीएसपी, थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों व थानों के मुंशियों के साथ बैठक की। एसपी ने उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत करवाया और उनकी पालना करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रात के समय में राइडर की चैकिंग करें और राइडरों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रभावी ढंग से गश्त करवाए।

एसपी ने यूआई मामलों के प्रतिशत में कमी लाने वाले थाना प्रभारियों को शाबाशी दी और जिन थानों के मामलों का यूआई प्रतिशत अधिक मिला, उनके थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करें। पुलिस अधीक्षक ने लड़ाई-झगड़ों के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करें। महिला विरुद्ध अपराधों के दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए पेंडिंग मामलों की जानकारी ली और उन्हें जल्द निपटाने के सख्त निर्देश दिए। महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने मनचलों पर शिकंजा कसने के लिए चिन्हित किए गए हॉटस्पॉट पर मनचलों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि महिला विरूद्ध शिकायतों को पेंडिंग में ना डालें, तत्परता से आवश्यक कारवाई करें।

पुलिस कप्तान ने ग्राम प्रहरियों को लेकर चर्चा करते हुए थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि ग्राम प्रहरी नशा तस्करों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करें और नशाखोरी पर रोकथाम लगाएं। इसके साथ ही जघन्य अपराधों की समीक्षा की व लूट, छीना झपटी के लंबित मामलों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जल्द से जल्द मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार कर निपटारा किया जाए। पुलिस कप्तान ने धोखाधड़ी के लंबित मामलों की भी समीक्षा की और आवश्यक कार्रवाई कर जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि डायल 112 की टीम से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की चैकिंग करवाए। इससे अपराध पर रोकथाम लगाने में मदद मिलेगी।

#### सीएम विंडो और हर समय पोर्टल शिकायतों को निपटाएं

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना के पेंडिंग केसों व केस प्रॉपर्टी का शीघ्र से शीघ्र निपटारा करवाएं। पुराने वाहन जो थानों में खड़े है, उनको डिस्पोज करने व लंबित अदमपता रिपोर्ट को अदालत में सबमिट कराने हेतु दिशानिर्देश दिए। सीएम विंडो, हर समय पोर्टल पर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटान किया जाए। उन्होंने थाना, चौकियों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे का फीडबैक प्रतिशत की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कम फीडबैक प्रतिशत वाले थाना व चौकी प्रभारियों को फटकार लगाई और सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि नशीले पदाथार्ें का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक ने अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने एसएचओ ट्रैफिक को निर्देश दिए कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ओवर स्पीड, बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म व बुलेट वाहनों से पटाखे बजाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त व प्रभावी कार्रवाई करें। एसपी ने लाल-नीली लाइट का प्रयोग करने वाले वाहनों के चालान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एएसपी प्रबिना पि, डीएसपी रणबीर सिंह, डीएसपी मोहिंद्र सिंह, डीएसपी मोहम्मद जमाल, सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व ब्रांच इंचार्ज मौजूद रहे।


**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कॉलेज में युवा दिवस के रूप में मनाई जयंती

- करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद : मेजर लांबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी, एनएसएस एवं वाईआरसी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती को विश्व युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य मेजर एमआर लांबा ने विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्हें जीवन में महापुरुषों के द्वारा किए गए नए कार्यों को अपनाने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने युवा दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें सूर्य की तरह उगना और संसार को प्रकाश देने का कार्य करना होगा। मेजर लांबा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद समाज सुधारक और सेवक होने के साथ ही आध्यात्मिक गुरु भी थे।

#### राजकीय महाविद्यालय में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**सतनाली मंडी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. सुधीर लांबा ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए कथन पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल संत ही नहीं, महान देशभक्त, वक्ता विचारक और लेखक भी थे। उन्होंने अपने विचारों से भारत का नाम ही रोशन नहीं किया बल्कि विदेशों में भारत का परचम लहराया। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मानते हैं। कार्यक्रम संयोजक डा. श्रीभगवान ने बताया कि एबीवीपी के सदस्यों ने स्वामी विवेकांनद जीवनी पर पुस्तक वितरित की। इस मौके पर प्रदीप, अनिल कुमार, संजय, विपिन, अजीत सिंह, विकास, शेरसिंह, जैकी, सोनू, डा. अजीत सांगवान आदि स्टॉफ सदस्य व छात्र कमल रोहिल्ला, गौरव, संजय, अमित यादव, प्रमोद मौजूद रहे।

# पार्टी दोनों चुनाव के लिए तैयार कार्यकर्ता भी कर्मठ : डा. अजय

- दो दिवसीय जिला के दौरे के अंतिम दिन डा. अजय चौटाला ने छह गांवों में की सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल


**नारनौल।** ग्रामीण जनसभा को संबोधित करते डा. अजय सिंह चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला दो दिवसीय महेंद्रगढ़ जिला के दौरे पर थे। शुक्रवार अंतिम दिन उन्होंने छह गांव सुराना, जाट गुवाना, महरमपुर, बापड़ोली, निवाजनगर व मांदी में ग्रामीण जनसभा की। इन जनसभाओं की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की। जनसभाओं में ग्रामीणों व पार्टी कार्यकर्ताओं को दोनों लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा और जजपा की जनहित नीतियों का प्रचार कर बहुमत दिलाने में सहयोग की अपील की।

इस ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजयसिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी गठन के छह साल में हर कार्यकर्ताओं ने जी-तोड़ मेहनत की है। उन्हीं की बदौलत आज पार्टी सत्ता में सहयोगी की भूमिका निभा प्रदेश के हर वर्ग युवा, किसान, महिला, बुजुर्ग व व्यापारी हित में फैसले ले रही है। अभी हम सत्ता में सहयोगी है। अब भविष्य में लोकसभा व विधानसभा चुनाव है। जिस तरह की परिस्थितियां बन रही है, शायद दोनों चुनाव प्रदेश में एक साथ हो जाए। इसके लिए पार्टी अपने स्तर पर पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में ही हरियाणा मजबूती से आगे बढ़ रहा है।


**नारनौल।** लाइब्रेरी का उद्घाटन करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।

### राज्यमंत्री ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन किताबों को बताया मनुष्य का सच्चा मित्र

**नारनौल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को डेरोली अहीर में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। यह लाइब्रेरी सरपंच लखीराम ने अपने निजी कोष से बनवाई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी लाइब्रेरी में आकर आसानी से अध्ययन करें और देश को मजबूती प्रदान करने के लिए अपना सहयोग दें। उन्होंने सरपंच की ओर से चलाई जा रही इस मुहिम को भी खूब सराहा। लाइब्रेरी को लेकर वे ग्रामीण उत्साहित भी नजर आए। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के लिए एक उचित माहौल और स्थान मिल रहा है। यहां पर कई तरह की किताबें रखी हुई है, जिनसे बच्चे आसानी से अध्ययन कर सकते है और कई तरह की प्रतियोगिताओं की तैयारी कर सकते हैं।

# प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे स्वामी विवेकानंद : वासुदेव यादव

- गांव पटीकरा में आयोजित स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल


**नारनौल।** स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पित करते वासुदेव यादव और अन्य।

स्लम जागृति समिति की ओर से गांव पटीकरा के अम्बेडकर भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस शुक्रवार मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व वरिष्ठ भू वैज्ञानिक एवं समाजसेवी वासुदेव यादव मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भागीरथमल खानगवाल ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि वासुदेव यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन की घटनाओं पर प्रकाश डाला एवं स्वामी के जीवन से सीख लेकर कैसे सफल हो, इस बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि वे विख्यात व प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में साल 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानंद की वक्तृता के कारण ही पहुंचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें दो मिनट का समय दिया गया था।

# फुटबॉल में धनौन्दा की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल


**नारनौल।** विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए ठाकुर अतरलाल एडवोकेट एवं अन्य अतिथिगण।

आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी युवाओं व खिलाड़ियों को स्वामी विवेकानन्द के आदशार्ें व शिक्षाओं पर चलने का प्रण लेना चाहिए। यह बात प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो बसपा नेता ठाकुर अतरलाल एडवोकेट के गांव धनौन्दा में चल रही पांच दिवसीय 69वीं श्री बाबा दयाल फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर कही।

फाइनल मुकाबला धनौन्दा फुटबॉल क्लब व खेड़ला की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें धनौन्दा ने 1-0 से मुकाबला जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सेमीफाइनल में धनौन्दा का मुकाबला आसरा का माजरा व रोहतक का खेड़ला के साथ हुआ। धनौन्दा व खेड़ला फाइनल में पहुंचे। गोल्डन स्टार क्लब खेड़ी व बाबा भैंया क्लब उन्हाणी के बीच हुए अंडर-14 मुकाबले में खेड़ी की टीम जीती।

## कोयल स्कूल में अड़ीशाल की पुण्य स्मृति पर वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

# लक्ष्य प्राप्त करने तक बिना थके करें परिश्रमः प्रवीना पी.

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल


**नारनौल।** कोयल पब्लिक स्कूल में मुख्यातिथि एएसपी प्रवीना पी. को सम्मानित करते चेयरमैन अत्तर सिंह यादव व गणमान्य।

गांव खटोटी कलां स्थित कोयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को समाजसेवी अड़ीशाल यादव की पुण्य स्मृति में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एएसपी प्रवीना पी. थी, जबकि समारोह की अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप के एमडी मनीष राव ने की। समारोह के आयोजक एवं विद्यालय के चेयरमैन अत्तर सिंह यादव एवं प्राचार्य प्रवीण शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ हुई।

समारोह में उपस्थित हजारों विद्यार्थियों एवं आसपास के गांवों से आए अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एएसपी प्रवीना पी. ने कहा कि अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें और सकारात्मक लक्ष्य बनाकर उसके हासिल होने तक निरंतर कड़ा परिश्रम करते रहें। जब बार-बार प्रयास करेंगे तो एक न एक दिन सफलता अवश्य कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि कभी भी विफलता से नहीं घबराना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना चाहिए। जो गलती पिछली बार हुई थी, उसे दोहराना नहीं है और ज्यादा मेहनत करते हुए आगे बढ़ जाना है। कड़ा परिश्रम ही वह गुण है, जो सफलता के मार्ग खोलता है। मनीष राव ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हमेशा शुरूआत जीरो से करनी पड़ती है। दुनिया में ऐसे कितने ही उदाहरण हैं, जिन्होंने निचले स्तर से जीवन की शुरूआत की और अपने जीवन में कामयाबी के शिखर को पार किया। उन्होंने कहा कि रूक जाना जीवन का नाम नहीं है। हमेशा आगे बढ़ते रहें।

#### पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम से सीखने का किया आह्वान

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदारण प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने बचपन में इतनी गरीबी देखी कि वह बचपन में घर-घर जाकर अखबार बांटते थे, लेकिन उन्होंने मेहनत करनी कभी नहीं छोड़ी और एक दिन वह देश-दुनिया के महान वैज्ञानिक बने तथा मिसाईल मैन के रूप में प्रसिद्ध हुए और हमारे देश के राष्ट्रपति भी बने। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी किसी का दबाव नहीं मानना चाहिए। एकबार फेल हो जाएं तो बिना घबराए आगे बढ़ने का प्रयास करते रहें। यही सफलता का मार्ग है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की परीक्षा समाप्त नहीं होने तक उनके साथ लगातार जुड़े रहने एवं मेहनत करने के लिए भी प्रेरित किया तथा कहा कि बच्चों को किसी भी तरह से ढीला न छोड़ें तथा सदैव अपनी निगरानी में रखें। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने दिनभर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान एडवोकेट राजकुमार यादव, सीएल स्कूल के चेयरमैन अमित गुप्ता एवं समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह चहल मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## एबीवीपी की ओर से खेलों भारत दौड़ प्रतियोगिता कल

**सतनाली मंडी।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से अंतर्गत एबीवीपी सतनाली नगर इकाई द्वारा खेलों भारत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष कमल रोहिल्ला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सतनाली के खेल मैदान में 14 जनवरी को आयोजित इस प्रतियोगिता में लड़कों व लड़कियों की दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

## ढांचागत व मानव संसाधन पर रहेगा विशेष फोकस

**नारनौल।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि जिला के राजस्व विभाग के अधिकारी राजस्व से जुड़े सभी मामलों को जल्द निपटाएं। मॉडर्न रिकॉर्ड रूम को लगातार अपडेट रखें। डीसी शुक्रवार को वित्त आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के साथ राजस्व विभाग से जुड़े मामलों को लेकर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों की बैठक में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि जिले में ढांचागत व मानव संसाधन पर विशेष फोकस किया जाएगा।

## पांच दिवसीय लाइफ स्कील कार्यक्रम सम्पन्न

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय लाइफ स्कील कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने हाथ से बनाई हुई चित्रकारी, दीपक, पानी से जलने वाली मोमबती आदि अनेक तरह की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर डीपीसी सुभाष सामरिया, प्राचार्या शीला कुमारी, एसएमसी प्रधान व उपप्रधान, नोडल अधिकारी व कर्मचारी, दीपा गुप्ता, विजय कुमार, नीरा, सुदेश, अंजना आदि मौजूद थे।

## विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस का कार्यक्रम

**नारनौल।** संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन व पुनर्वास केंद्र नसीबपुर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डा. आरएन यादव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और सभी स्टाफ और छात्रों को संबोधित किया। सर्वप्रथम पुष्प माला से स्वामी जी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नेहा, शर्मिष्ठा, गोदावरी, शिवानी, मिथिलेश, आशु, कुलदीप सिंह, राजेश कुमार और संस्थान के छात्र-छात्राएं ने सभी भाग लिया।

## 22 को अपने घरों में जलाएं दीपकः रमेश सैनी

**महेंद्रगढ़।** 22 जनवरी को अयोध्या में बनाए गए भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन एवं रामलाल की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर के मौहल्ला सैनीपुरा के वार्ड नंबर नौ में नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी एवं वार्ड पार्षद देवेंद्र सैनी उर्फ सोनू सैनी के नेतृत्व में निमंत्रण पत्र एवं श्रीराम मंदिर के चित्र के साथ पीले चावल बांटकर घरों में दीपक जलाने की अपील की। नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि कोई भी पूजा पाठ का कार्य हो तो उसमें चावल का उपयोग जरूर किया जाता।

# धनौंदा के एमएससी पास किसान ने रेतीले टीलों में उगाई स्ट्राबेरी लाखों का मुनाफा देख, दूर-दराज से देखने आ रहे किसान

### अध्यापन का कार्य छोड़कर कृषि कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

उपमंडल के गांव धनौंदा निवासी एमएससी पास किसान दीपक ने रेतीले टीलों ने स्ट्राबेरी की खेती कर किसानों को आकर्षित किया है। निजी स्कूल में अध्यापन का कार्य छोड़कर दीपक ने बागवानी विभाग से प्रशिक्षण लेकर कृषि कार्य शुरू किया, जो अब महारत हासिल कर रहा है। उनके पास चार कामगार कार्य कर रहे हैं। अब वह नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला है। पिछले करीब पांच वर्ष से बदलकर खेती कर रहा है। जिसका खासा फायदा मिल रहा है। किसान दीपक ने बताया कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश से पौध लाकर एक एकड़ भूमि में स्ट्राबेरी की खेती की है, जो बेहतरीन हालात में है। यह मार्च माह तक तैयार होगी। उन्होंने कहा कि एक एकड़ स्ट्राबेरी पर तीन लाख रुपये की लागत आई थी, अब तक उनकी ओर से तीस हजार रुपये की बिक्री की जा चुकी है। इस खेती पर उन्हें एक लाख रुपये का मुनाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से भिवानी जिले के किसानों को 40 हजार रुपये प्रति एकड़ का अनुदान दिया जा रहा है, जबकि महेन्द्रगढ़ जिले के किसानों को अनुदान से वंचित रखा गया है।

### अब वह नौकरी करने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला

**सर्दी से बचाने के लिए मल्चिंग विधि को अपनाया**

उन्होंने बताया कि फसल को सर्दी से बचाने के लिए मल्चिंग विधि को अपनाया गया है। इसी विधि के अनुरूप उनकी ओर से तरबूज लगाया गया है। जिस पर बागवानी विभाग की ओर से 40 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान का प्रावधान है। प्रगतिशील किसान दीपक ने बताया कि वह पूर्ण रूप से प्राकृतिक खेती कर रहा है। जिसमें स्वयं की ओर से तैयार की गई वर्मी कम्पोस्ट खाद का इस्तेमाल किया जाता है। उनकी ओर से वर्मी कम्पोस्ट खाद चार बैड से बनाना शुरू किया था, आज उनके पास करीब 100 बैड बने हुए है, जिनसे वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार की जा रही है।



कनीना। धनौंदा में किसान दीपक की ओर से तैयार की गई स्ट्राबेरी की खेती। फोटो : हरिभूमि

**खाद को लेने किसान दूर-दूराज से आते**

किसान की ओर से इस खाद की 700 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक्री की जाती है। जिससे अच्छा खासा मुनाफा होता है। खाद को लेने किसान दूर-दूराज से आते है। प्रदेश सरकार की ओर से खाद का प्लांट लगाने पर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। फसल में सिंचाई के लिए 75 फीसदी अनुदान पर सोलर सिस्टम लगाया हुआ। जिससे बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ता। मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई की जाती है जिससे बिजली व पानी दोनों की बचत होती है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

# स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः ओमप्रकाश

### स्वामी विवेकानंद ने हमारे देश का पूरे विश्व में नाम रोशन किया, हमारी लाडो हमारी शान कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें युवा: डीसी

हरिभूमि न्यूजण ▶▶ नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि कही। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता भी मौजूद थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय योग-वेदांत की शिक्षा व दर्शन को विदेशों में ख्याति दिलवाई। स्वामी जी की बुद्धिमानी और हाजिर जवाबी की पूरी दुनिया कायल है।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि किसी दिन जब आपके सामने कोई समस्या न आए, तो आप सुनिश्चित हो सकते है कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं। यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता, क्योंकि आप अनंत हैं। जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। उठो, जागो और तब तक न रूको, जब तक तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते। युवाओं को स्वामी जी के इन विचारों को अपनाकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे देश के ऐसे सपूत थे, जिन्होंने हमारे देश का पूरे विश्व में नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो जागो तब तक मत रूको जब तक आपका लक्ष्य पूरा न हो जाए। हमारे युवा भी प्रेरणा लेकर लक्ष्य की ओर निरंतर अभ्यासरत रहे।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की कहानियों से मैं भी बहुत प्रभावित हूं। आज भी मुझे उनकी कहानियों के माध्यम से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद भाषण के लिए 1893 में जब शिकागो गए, वहां एक व्यक्ति उनके भाषण से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि आप इस प्रकार के कपड़े क्यों पहनते है, अच्छे कपड़े क्यों नहीं पहनते। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि आपके देश में आपको जेंटलमैन एक दर्जी बनाते हो, लेकिन हमारे भारत देश में आदमी का व्यक्तित्व व विचार उसको जेंटलमैन बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी समस्या से पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए, एक दिन निश्चित ही उसे समस्या का समाधान होगा।



नारनौल। नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करती उपायुक्त मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर नाटक प्रस्तुत किया

जो आदमी जीवन में जितनी समस्याओं से गुजर कर उनका समाधान ढूंढता है वह जीवन में उतना ही कामयाब होता है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने युवाओं से एक आह्वान करते हुए कहा कि जिला में हमारी लाडो हमारी शान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें सभी युवा बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दें। वाह फाउंडेशन की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन हिन्दी प्रवक्ता डा. ममता शर्मा व डा. पंकज गौड़ ने किया।मौके पर डा. चंद्रमोहन, नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा, रेडक्रॉस से डा. एसपी सिंह, समाजसेवी कृष्ण आर्य, विक्रम कोका, अमित मिश्रा के अलावा अन्य अध्यापकगण व युवा मौजूद थे।

## युवा नशा, अपराध व मोबाइल से दूर रहे

- राष्ट्रीय युवा दिवस हमें स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को समर्पित करने का अवसर देता

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में एनएसएस की दोनों इकाइयों द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव द्वारा किया गया। प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन को युवा लोगों के बीच जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को उजागर करने के लिए मनाया जाए। राष्ट्रीय युवा दिवस हमें स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को समर्पित करने का अवसर देता है जो नेतृत्व उत्साह, ज्ञान तथा समर्पण के प्रति एक उदाहरण है। आज के युवाओं में नशे और अपराध के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। जो उसके स्वयं,परिवार तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप है। हमे इन अभिशापों से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। प्राचार्य ने मोबाइल की अत्यधिक लत को युवाओं के भविष्य निर्माण में बहुत बड़ी बाधक माना। मोबाइल की लत युवाओं को उनको बेरोजगार होने का एहसास ही नहीं करवाती। यह आदत हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। प्राचार्य जी ने मोबाइल की लत को दूर करने के उपाय भी बताए। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर प्रियंका, डॉ. सुनील कुमारी, प्रो. सविता नाहर, प्रो. नीलम भारती, प्रो. संदीप, प्रो.तेज प्रकाश, प्रो. सुशीला, प्रो. सुनीता, मोहित, भूपेश एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

## कुरुक्षेत्र रैली में भाग लेने के लिए जिले से भारी संख्या में गए युवा



**नारनौल।** स्वामी विवेकानंद जयंती को समर्पित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में होने वाली नव मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेने के लिए जिले से शुक्रवार सुबह भारी संख्या में युवा रवाना हुए। सभी युवा साथी स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन मे भाग लेने के लिए संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष दयाराम यादव के निर्देश पर हुए। सम्मेलन में जाने वाले युवाओं के वाहनों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व जिला अध्यक्ष भाजपा दयाराम यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि युवा इस देश की ताकत है और भाजपा सरकार की ओर से युवा शक्ति को सही दिशा दिखाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र राजपूत ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र से 12 बस व 10 पर्सनल गाड़ियां में लगभग 600 युवा साथी रैली में भाग लेने गए। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र सरपंच, वीरेंद्र दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशिक, नवीन शर्मा, सुरेश पचनोता, धर्मचंद, जोगेंद्र यादव, मंजीत यादव आदि मौजूद थे।

# कौशल विकास कैंप का हुआ समापन

- लक्ष्य निर्धारित कर लगातार मेहनत करने से किसी भी लक्ष्य को किया जा सकता है प्राप्त : डॉ. देवेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में चल रहे पांच दिवसीय कौशल विकास कैंप का शुक्रवार को समापन किया गया। कैंप के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य सतबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरपीएस ग्रुप रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव व एपीसी नारनौल डॉ. विक्रम सिंह उपस्थित रहे। कैंप के समापन अवसर पर मुख्यातिथि प्राचार्य सतबीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को कौशल विकास के बारे में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. देवेंद्र यादव ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने व अपना लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि आज के युग में विद्यार्थियों को अपनी स्कील को पहचानने की आवश्यकता है ताकि आगे चलकर वे उस क्षेत्र में अपना बेहतर योगदान दे सके। कैंप में बच्चों को बैंकिंग, डाकघर, योगा, कृषि, प्राथमिक उपचार, ड्राइंग, पेंटिंग, कले मॉडलिंग, साज सज्जा, रसोई से संबंधित जैसे अचार बनाना, सब्जी बनाना व मसालों आदि के बारे में अवगत करवाया गया।



महेंद्रगढ़। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## शहर में रामलला की स्थापना के लिए एक मुट्ठी अनाज कार्यक्रम निरंतर जारी



**नारनौल।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 22 जनवरी को अयोध्या नगरी में चल रहे ऐतिहासिक कार्यक्रम की कड़ी में शुक्रवार को शहर में एक मुट्ठी अनाज कार्यक्रम जारी रहा। अखिल भारतीय परशुराम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रमुख भाजपा नेता वैद्य किशन वशिष्ठ की अगुवाई में आज भी शहर के अनेक घरों में एक मुट्ठी अनाज एकत्रित किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की बड़ी-बड़ी ध्वजाएं लेकर कार्यक्रम के आयोजक वैद्य किशन वशिष्ठ की अगुवाई में चल रहे उत्साहित रामभक्त श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाकर वातावरण को राममयी कर रहे हैं। इस अवसर पर अशोक सैनी कोजिंदा वाले, हेमंत जांगिड़, रॉकी सैनी, रतन सैनी, हनुमान बोहरा, दीपक बोहरा, राजकुमार जसोरिया, संजय सैनी, विजय सोनी उर्फ सोनू सोनी, कमल कुमार, सुरेश कुमार, डॉ. होशियार कश्यप व शिवकुमार कश्यप सहित अनेक रामभक्त मौजूद थे।

### एसपी, एएसपी व डीएसपी ने थाना नांगल चौधरी की मेस में खाया खाना

# पुलिस कर्मियों को थानों की मेस में मिलेगा स्वादिष्ट खाना

- सभी थानों की मेस में किया आधुनिक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पिछले साल नवंबर माह में आदेश जारी किए थे कि जिले के सभी पुलिस थानों में होटल जैसी मेस का खाना पुलिस कर्मियों को दिया जाए। इसके बाद से ही पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने जिले के सभी थाना व चौकियों की मेस के रेनोवेशन का काम शुरू करवाया दिया है। जिले में सभी थानों व चौकियों में लगभग मेस के रेनोवेशन का काम पूरा हो चुका है। जिले के सभी पुलिस थानों में अब पुलिस कर्मचारियों को पौष्टिक व अच्छी क्वालिटी का खाना मिलेगा।

इसके साथ ही पुलिस थाना की मेस में पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। थाना की मेस की किचन व बैठने की व्यवस्था को रेनोवेट कर काफी अच्छा सुधार किया गया है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने थाना नांगल चौधरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेनोवेट करवाई गई थाना की मेस का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने एएसपी प्रबिना पि व डीएसपी मोहिंद्र सिंह के साथ मेस में बैठकर खाना खाया और खाने की तारीफ की। उन्होंने खाना बनाने वाले कर्मचारियों को बुलाया और उनसे बातचीत की तथा उनकी ओर से बनाए गए स्वादिष्ट खाने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को अच्छी क्वालिटी का खाना मुहैया करवाने के लिए थानों की मेस का रेनोवेशन किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पुलिसकर्मी कम खर्चे में अच्छा खाना खा पाएंगे और मेस की रेनोवेशन से महसूस होगा कि किसी अच्छे होटल में बैठकर खाना खा रहे हैं।



नारनौल। मेस में खाना खाते एसपी नितिश अग्रवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# जनजागरण यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ब्राह्मण सभा के सौजन्य से शहर में जन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घर-घर दीप जलाने के लिए सर्व समाज द्वारा सैनी सभा से यात्रा का शुभारंभ किया गया। ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज गौतम ने लाउडस्पीकर द्वारा यात्रा के आगे-आगे लोगों को दीप जलाने के लिए प्रेरित किया गया। उसके पश्चात डीजे भगवान राम के भजन सुनाते हुए यात्रा भगवान परशुराम चौक पर पहुंची जहां पुष्प वर्षा द्वारा इस जनजागरण यात्रा का स्वागत किया गया। भगवान परशुराम चौक पर यात्रा को पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने संबोधित किया। सभा प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य ने बताया कि 22 जनवरी को घर-घर दिए जलाने के लिए ब्राह्मण सभा द्वारा सर्व समाज को साथ लेकर निकली गई। इस यात्रा में नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, नगर पार्षद अशोक सैनी, संजय राठी एवं काफी पार्षदों ने हिस्सा लिया। इस जनजागरण यात्रा में सतनाली ब्राह्मण सभा के प्रधान एवं उनकी कार्यकारिणी, व्यापार मंडल, सैनी सभा, अग्रवाल सभा, अंबेडकर सभा, सैन सभा, जांगिड़ सभा, भारत विकास परिषद, विश्व हिंदू परिषद, वाल्मीकि समाज, शहर की रामलीलाओं की कार्यकारिणी, शहर एवं गांव से आए हुए गणमान्य लोग, ब्राह्मण सभा के कार्यकारिणी ने यात्रा में भाग लिया। यात्रा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।



**सूचना**

मै कुलदीप सिंह पुत्र प्रताप सिंह जाति सैनी वासी धरसू तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी लडकी उषा मेरे कहने सुनने से बाहर है। और हमें जान से मारने की धमकी देती है। इसलिए मै उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उससे कोई वास्ता नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### नई मंडी में बांके बिहारी का जागरण आज

**नारनौल।** श्रीबांके बिहारी सेवा समिति का शनिवार को अग्रवाल सभा नई मंडी में जागरण किया जाएगा। जागरण दोपहर 2:15 बजे से सायं 7:15 बजे तक का रहेगा। जिसमें मुख्य यजमान समस्त सदस्य श्रीबांके बिहारी सेवा समिति होंगे। कार्यक्रम के अनुसार झांकी दोपहर 2:15 बजे, सुंदरकांड पाठ दोपहर 3:15 बजे, जागरण सायं 5:15 बजे शुरू होगा।

### गुरु रविदास महासभा की बैठक कल

**नारनौल।** गुरु रविदास महासभा की आम बैठक 14 जनवरी को 12 बजे रविदास आश्रम मोहल्ला ढिढासर में होगी। जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल करेंगे। सभा का संचालन महासभा के महासचिव रमेश चंद्र पटीकरा करेंगे।

### मकर संक्रांति पर छितरोली में मेला 14 को

**कनीना।** छितरोली गांव में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर बाबा धूनिगर की 75वीं स्मृति में धार्मिक मेले होगा। जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। शुभारंभ विधायक सीताराम यादव की अध्यक्षता में प्रदेश के कृषिमंत्री जयप्रकाश दलाल करेंगे। कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की भांजी एडवोकेट राजबाला, अतरलाल, अजमेर, सोमबीर धनखड़ होंगे।

### खातौली जाट में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 को

**नारनौल।** गांव खातौली जाट में बाबा जोहड़वाला की स्मृति में 14 जनवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। टींकू यादव ने बताया कि जजपा प्रधान डा. मनीष शर्मा शुभारंभ करेंगे। विजेता को 21 हजार एवं उपविजेता को 11 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। लीग मैच 10-10 ओवर होंगे। सेमीफाइनल 12-12 तथा फाइनल मैच 15-15 ओवर के होंगे।

### जोगी नाथ समाज संगठन की बैठक कल

**नारनौल।** जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन जिला की कार्यकारिणी की बैठक 14 जनवरी को गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में होगी। प्रधान प्यारेलाल योगी ने बताया कि बैठक में संस्था में चल रहे छात्रावास निर्माण कार्य की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान उपस्थित सदस्यों के सुझावों पर अमल करते हुए आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### संक्रांति पर बाबा गणेशदास दास मेला 14 को

**मंडी अटेली।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर बाबा परमहंसद गणेशदास दास का मेला क्षेत्र के गांव कांटी में 14 जनवरी को भरेगा। बाबा गणेशदास मेला कमेटी व समस्त गांव की ओर से आयोजित मेले में कुश्ती दंगल व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कमेटी सदस्य समुंद्र सिंह व हरपाल सिंह ने बताया कि मेले में 51 रुपये से लेकर 51 हजार रुपये तक की कुश्तियां होंगी। मेले में बाबा का कीर्तन व भजन भी होंगे। कमेटी सदस्यों ने बताया कि कुश्तियां पहलवानों के अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है। मेला कमेटी का निर्णय सर्वमान्य होगा। बाबा का धाम सैकड़ों वर्ष पुराना है तथा ऐसी मान्यता है कि यहा सच्चे मन से जो भक्त अपनी मिन्नौती मांगते है।

# बालसमंद के बाद महेंद्रगढ़ रहा प्रदेश में सबसे ठंडा, रात का तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस

## पूरे प्रदेश में 13 जनवरी के लिए रेड अलर्ट और आगे 16 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लगातार उत्तरी मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली और जिला महेंद्रगढ़ पर हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सितम देखने को मिल रहा है। उत्तरी बर्फिली हवाएं चलने से रात्रि पार लुढ़ककर हिमांक बिंदु के आसपास पहुंच गए हैं। हरियाणा के सभी 22 जिलों का तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। सम्पूर्ण राज्य में कोल्ड वेव से गंभीर कोल्ड वेव अपने प्रचण्ड और तीखे तेवरों से कहर बरपाया हुआ है, जिसकी वजह से भारतीय मौसम विभाग ने संपूर्ण राज्य पर 13 जनवरी के लिए रेड अलर्ट और आगे 16 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। आज हरियाणा एनसीआर दिल्ली में प्रथम पायदान पर सबसे ठंडी रात बालसमंद हिसार की अपने रात्रि तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस के साथ, जबकि महेंद्रगढ़ दूसरे नंबर पर अपने रात्रि तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की वजह से रहा। साथ ही साथ नारनौल अपने रात्रि तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस की वजह से तीसरे पायदान पर रहा जिला महेंद्रगढ़ में लगातार रात्रि तापमान धराशायी हो रहा है। यहां हाड़ कंपा देने वाली ठंड और गंभीर शीतलहर अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से लगातार कड़ाके की ठंड अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए है। संपूर्ण इलाके में आमजन ठिठुरने को मजबूर है। प्रदेश के उत्तरी हिस्से को कोहरे की सफेद चादर ने अपने



आगोश में ले रखा है, जिसकी वजह से सुबह से दोपहर बाद तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं होते, जिसकी वजह से उत्तरी जिलों पर लगातार कोल्ड डे और गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। दिन के तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस से 14.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। यहां दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है।

### दिन में कड़ाके की ठंड

दिन में आमजन को कड़ाके की ठंड से रूबरू होना पड़ रहा है। इसके विपरित पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों से कोहरा की सफेद परत छंटने लगी है। लगातार उत्तरी बर्फिली हवाएं चलने से रात्रि तापमान शून्य के आसपास बने हुए हैं और रात्रि तापमान लुढ़क कर हिमांक बिंदु पर पहुंच गए हैं। यानि पाला जमने की स्थिति बनी हुई। खुले स्थानों, पार्क और खेत खलिहानों में पाला जमने लगा है। साथ ही साथ इन हिस्सों में शीतलहर (कोल्ड वेब) और गंभीर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है और रात्रि तापमान भी लुढ़क रहे हैं। आज शुक्रवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस से 5.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। संपूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में शीतलहर ने कहर बरपाया हुआ है। जबकि जहां कोहरा छंट गया है, वहां सुबह से ही धूप खिली रहने से दिन में आमजन को हाड़ कंपा देने वाली ठंड से राहत मिल रही है। कल एक कमजोर पश्चिमी सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की बादलबायी देखने को मिलेगी और केवल आंशिक तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी, लेकिन आने वाले चार पांच दिनों में आमजन को अभी हाड़ कंपा देने वाली ठंड से अभी राहत के आसार नहीं दिख रहे, क्योंकि ठंड का ट्रिपल अटैक गंभीर कोहरा, गंभीर कोल्ड डे, गंभीर कोल्ड वेब (शीतलहर) का कहर जारी है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों पर खरा नहीं उतर पाए हमारे शहर व कस्बे

# महेंद्रगढ़ से भी पीछे रहा नारनौल कचरा निस्तारण में 'शून्य' अंक

महेंद्रगढ़ की स्वच्छता रैंक 63वीं, नारनौल की 68, नांगल चौधरी की 76वीं, कनीना की 86 व अटेली शहर को मिली 86वीं रैंक 2022 में भी नारनौल को मिला था शून्य अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 का परिणाम जारी कर दिया है। इस परिणाम को माने तो जिला में कोई भी शहर सफाई व्यवस्था के मामले में खरा नहीं उतर रहा। हर साल आगे बढ़ने की बजाय रैंकिंग गिर ही रही है। नारनौल शहर की बात करें तो नेशनल रैंकिंग 3135, स्टेट रैंकिंग 48 व जोनल स्तर पर रैंकिंग 89वीं मिली है। बीते साल 2022 में 54वीं रैंक थी। वहीं महेंद्रग्रढ़ शहर को 63वीं रैंक मिली है। नांगल चौधरी को 73, कनीना को 84 और अटेली शहर को 86वीं रैक मिली है।





नारनौल। शहर में पड़ी गंदगी। फोटो: हरिभूमि

### शौचालयों का हाल बुरा हाल, नगर परिषद ने नहीं दिया कभी ध्यान

नगर परिषद के अधीन छोटे-बड़े शहर में 96 शौचालय भवन/बूथ है। अधिकांश शौचालयों का बुरा हाल है। इसके पीछे कारण निरंतर सफाई नहीं होना है। ऐसी कई जगह है जहां कई माह बीत गए पर सफाई ही नहीं हुई। वह इन दिनों कबाड़ की स्थिति में पहुंच गए है। नप प्रशासन ने इस ओर भी कभी गंभीरता से ध्यान ही नहीं दिया।

### नगर परिषद को मिला शून्य अंक इससे पहले 2022 में हुआ था ऐसा

नगर परिषद को शून्य अंक मिला है। ऐसा नहीं है यह पहली बार हुआ हो। बीते साल 2022 में भी इस मामले में शून्य अंक ही मिला था। इसके बावजूद नप प्रशासन ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की। गांव रघुनाथपुरा में कचरा निस्तारण संयंत्र सुचारू करने में इस बार भी असफल रही। यह भी बताया जा रहा है कि अप्रैल माह में निस्तारण की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई थी।

### ये तस्वीर बदले तो स्वच्छ हो नारनौल शहर

- गीले और सूखे कचरे को अलग अलग निस्तारण किया जाना चाहिए।
- शहर में घरों और प्रतिष्ठानों की संख्या के अनुपात में बढ़ाए जाने चाहिए डस्टबिन
- कंपोस्ट प्लांट चालू किया जाना चाहिए, बाहरी कॉलोनियों में कचरा डम्प नहीं हो।
- शहर में सफाई व डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की हो सख्त मॉनिटरिंग।

नारनौल शहर को मिली रैंकिंग के आंकड़ों पर नजर डाले तो डोर टू डोर कचरे का उठान 96 प्रतिशत, कचरे का उत्पादन और प्रोसेसिंग 0 प्रतिशत, स्त्रोत से ही कचरे पृथककरण पांच प्रतिशत, डम्प साइट पर कचरे उपचार 98 प्रतिशत, रिहायशी एरिया में सफाई 96 प्रतिशत, मार्केट एरिया में सफाई 83 प्रतिशत व पब्लिक टायलेट की सफाई का 50 प्रतिशत लोगों ने संतुष्टि जताई है। सबसे बुरा हाल कचरा निस्तारण को लेकर है।



# एसडीएम ने रैन बसेरों को जांचा साइन बोर्ड व्यवस्थित करने और सही जगह लगाने के दिए निर्देश

- बस स्टैंड के रैन बसेरे में केवल एक व्यक्ति की मिली एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एसडीएम मनोज कुमार ने वीरवार देर रात बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल व रेलवे स्टेशन पर नगर परिषद की ओर से संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। इस मौके पर रेडक्रॉस समिति के सदस्य भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे में केवल एक ही व्यक्ति का इंद्राज किया हुआ था। एसडीएम मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि रैन बसेरे का यह साईन बोर्ड लोगों को दिखाई नहीं देता है। इसलिए एक बड़ा साईन बोर्ड सुव्यस्थित तरीके से सही जगह पर लगाया जाए, ताकि लोगों को रैन बसेरे के बारे में पता चल सकें।

इसके अतिरिक्त बस स्टैंड पर एक व्यक्ति बाहर ही सोया हुआ पाया गया, जिसको रेडक्रॉस समिति की तरफ से एक कम्बल वितरित किया तथा रैन बसेरे जाने की हिदायत दी। नागरिक अस्पताल के नजदीक स्थित रैन बसेरे के नजदीक दो व्यक्ति बाहर पाए गए, जिन्हें रैडक्रॉस की ओर से कम्बल वितरित किए तथा रैन बसेरे में जाने की हिदायत दी गई। नागरिक अस्पताल में बहुत से लोग नीचे जमीन पर ही सोते हुए पाए गए, जिन्हें रैन बसेरे में जाने की हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन पर भी दो-तीन परिवार छोटे बच्चों के साथ फर्श पर सोये हुए पाए गए। उन्हें भी रेडक्रॉस समिति की तरफ से कम्बल वितरित किए तथा रैन बसेरे में जाने की हिदायत दी गई। एसडीएम ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बाहर से आने वाले किसी को सोने की व्यवस्था नहीं हो तो वह बस स्टैंड व अस्पताल के पास रैन बसेरों की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।



# हकेंवि में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम

- कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप मे राकेश कुमार यादव (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी व युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से सीख लेकर विश्वविद्यालय, समाज, देश व विश्व कल्याण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई व छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन में मुख्य वक्ता राकेश कुमार यादव ने स्वामी विवेकानंद के द्वारा बताये विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थियों से साझा करते हुए बताया की युवा दिवस एक मौका प्रदान करता है, जिसमें युवा पीढ़ी अपने दृष्टिकोण और सुझावों के माध्यम से समस्याओं का सामना कर सकती है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि यह दिन स्वामी विवेकानंद जन्मजयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने और समर्थ नागरिक बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश एवं डॉ. युद्धवीर एवं अन्य शिक्षक भी शामिल हुए।

## रिश्तेदार में गया था परिवार, चोरों ने मकान का ताला तोड़ दो लाख की नकदी व गहनों पर किया हाथ साफ

**महेंद्रगढ़।** रामविहार कॉलोनी में बंद मकान से अज्ञात चोर लाखों रुपये जेवरात चोरी करके ले गए है। मकान मालिक ने शहर थाना पुलिस में शिकायत देकर रुपये



बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्जकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इंद्रजीत ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रामविहार कॉलोनी में छह वर्षो से रह रहा है। बुधवार को वह किसी काम से अटेली अपने रिश्तेदारी में गया था। घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं होने से वह ताला लगाकर शाम के चार बजे निकल गया था, जब सुबह अगले दिन वीरवार को घर पर आया तो देखा तो कमरे तथा अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे। उसने तुरंत आनन-फानन डायल-112 पर सूचना दी। उसके घर में रखे दो लाख रुपये की नकदी, चार पुरुष व महिला की अंगूठी करीब चार तोला, एक मंगल सूत्र, एक चेन सोने की, दो कंगन चार तोले गायब मिले तथा कुछ चांदी के सामान भी चोरी हो गए।

# पाइप लाइन टूटने से व्यर्थ बह रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

कस्बे में अनेक जगहों पर पेयजलापूर्ति लाइन टूटने से पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। लाइन क्षतिग्रस्त होने से अनेक जगहों पर रास्तों पर पानी ने तालाब का रूप ले लिया है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कपड़ा मार्केट में क्षतिग्रस्त लाइन दिखाते हुए सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल सहित योगेश, मुकेश, आशुतोष, जोनी, संजय, रमेश, खुशीराम, वेदप्रकाश, राजेन्द्र, शिवकुमार आदि अनेक लोगों ने बताया कि कपड़ा मार्केट में काफी समय से अनेक जगहों से पेयजल पाइप लाइन टूटने से पीने का पानी प्रतिदिन सड़क पर व्यर्थ ही बह रहा है। पाइप लाइन टूटने की समस्या के बारे विभाग के अधिकारियों को कई अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक भी पाइप लाइन ठीक नहीं की गई। लोगों ने बताया कि कस्बे में इसके अलावा रेस्ट हाऊस क्षेत्र, रेलवे स्टेशन के पास स्थित कॉलोनी सहित अनेक जगहों पर पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है। जिससे पानी तो व्यर्थ बह ही रहा है, संबंधित घरों में पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है और कुछ घरों में तो दूषित पानी भी आ रहा है। जल्द से जल्द समस्या के समाधान की माग की। एक्सईएन प्रदीप कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइन को टीम भेजकर दुरूस्त करवाया जा रहा है। इसके अलावा टीम की ओर से अन्य स्थानों पर भी सर्वे कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरूस्त किया जाएगा।



- ग्रामीणों ने अधिकारियों से टूटी पाइप लाइन को जल्द ठीक करने की मांग की है।

सतनाली मंडी। क्षतिग्रस्त पेयजलापूर्ति लाइन दिखाते लोग।

# डिपो होल्डर ने ज्ञापन सौंप सरकार से मांगी राहत

- कार्ड संख्या 300 की बजाय 600 करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। एडीसी ऑफिस में सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए

डिपो होल्डर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम एडीसी कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि सरकार बुजुगार्ं के सम्मान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है और उनका सम्मान करते हुए उनको बुढ़ापा पेंशन में प्रत्येक वर्ष बढ़ोतरी की है, जिसके चलते बुजुगार्ं का उनके प्रति विशेष लगाव है, लेकिन हरियाणा प्रदेश के बुजुर्ग डिपो धारकों को 60 वर्ष की आयु में डिपो के कार्य से मुक्त किया जा रहा है। जो इन बुजुर्ग डिपो धारकों के लिए कष्टपूर्ण है। ये पूर्णतया स्वस्थ्य हैं और अपना कर्तव्य पूर्ण निष्ठ व कुशलता से निभा रहे हैं तथा परिवार व समाज में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत 5 अगस्त 2023 को डिपो धारकों से संवाद के दौरान इसे पार्ट टाइम बताया था और डिपो धारकों को कमीशन एजेंट माना था। इसलिए पीडीएस कंट्रोल एक्टर-2022 में डिपो धारकों की जो आयु सीमा तय की है, उसमें छूट दी जाए। लाइसेंस नवीनीकरण करते हुए इनकी आयु सीमा 60 वर्ष समाप्त की जाए। उन्होंने बताया कि इस एक्ट में 300 राशन कार्डों पर नया डिपो बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे डिपो धारकों की आय कम होगी। जो नए राशनकार्ड बने हए हैं, उनमें बड़ी संख्या में एक या दो यूनिट के कार्ड बने हुए हैं। इससे राशन कार्डों की संख्या तो बढ़ी है, डिपो धारकों के पास 300 कार्डों पर नया राशन डिपो बनाने जाने पर इन्कम नाममात्र की रह जाएगी। इसलिए 300 की बजाए 600 राशन कार्डों पर नया डिपो बनाया जाए। इसके अलावा बड़ी संख्या में साधन संपन्न लोगों के बीपीएल कार्ड बने हुए हैं। पीओएस मशीनों में साफ्टवेयर में कमी के चलते राशन वितरण में बहुत परेशानी होती है। मशीन में राशन कार्ड नंबर दर्ज करने के बाद व अंगूठा लगवाने के पश्चात राशन दिखाया जाता है, जिससे लाभार्थी व डिपो धारक के झगड़े होते हैं। पीओएस मशीन के साफ्टवेयर को ठीक किया जाए।

## जिले में 72241 किसानों ने करवाया फसलों का पंजीकरण

# पंजीकरण में फैमिली आईडी बन रही अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करना जरूरी है। पंजीकरण होने के बाद ही किसान अपनी फसल को मंडी में सरकारी मूल्य पर बेच सकता है। अबकी बार सरकार ने रबी फसल पंजीकरण के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी किया है। फसल ब्यौरा दर्ज करने के लिए परिवार पहचान पत्र में दर्ज मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाता है। सही ओटीपी दर्ज होने के बाद ही पोर्टल खुलता है। इसके बाद किसान अपने जिले, तहसील तथा गांव का चयन करने के बाद फसल का ब्यौरा दर्ज कर सकता है। फसल का ब्यौरा किसान मुरब्बा नंबर व नाम से भर सकता है। किसान रबी फसल का चुनाव करके फसल बुवाई का समय भरा जाता है। दर्ज रकबे में जमीन के मालिक का नाम चयन करके पंजीकरण को पूरा किया जाता है।



नारनौल। सीएससी सेंटर पर किसान फसल पंजीकरण करवाते हुए।

### पीपीपी में ठीक करवाएं फोन

जिन किसानों को फसल पंजीकरण करने में फोन नंबर की दिक्कत आ रही है, वो परिवार पहचान पत्र में बंद मोबाइल नंबर को आधार केंद्र से ठीक करवा सकते है। किसान को सबसे पहले अपने आधार कार्ड में दर्ज फोन नंबर को बदलवाना होता है, उसके 24 घंटे बाद सीएससी सेंटर के माध्यम से परिवार पहचान पत्र में दर्ज फोन नंबर को बदलवा सकता है। परिवार पहचान पत्र में फोन नंबर ठीक होने के बाद किसान आसानी से फसल पंजीकरण करवा सकता है।

जिले में ब्लॉक वाइज फसल पंजीकरण की स्थिति

| ब्लॉक | क्षेत्र प्रति एकड़ | पंजीकृत क्षेत्र एकड़ में | पंजीकृत किसान |
|---|---|---|---|
| नांगल चौधरी | 57519.27 | 33304 | 10606 |
| कनीना | 69544.83 | 40056 | 14739 |
| नारनौल | 77271.95 | 42218 | 15270 |
| अटेली | 46871.25 | 24417 | 955 |
| महेंद्रगढ़ | 90550.84 | 45426 | 15983 |
| सतनाली | 40530.44 | 18489 | 5688 |

### पंजीकृतों का पीपीपी जरूरी

यदि कोई मजदूर किसान किसी अन्य किसान की जमीन लेकर खेती करता है तो उस स्थिति में काश्तकार किसान को फसल पंजीकरण करते समय जमीन मालिक का परिवार पहचान पत्र दर्ज करना जरूरी होता है। इसके बाद ही हलका पटवारी पंजीकरण को सत्यापित करता है।